Title: Need to expedite construction and linking of National Highways with district headquarters in Chail Parliamentary Constituency-laid

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र (चायल) उ0प्र0 में नेशनल हाइवे सड़क का निर्माण बहुत ही धीमी गति से हो रहा है। जिस कारण आए दिन जाम एवं गंभीर दुर्घटनाओं से प्रतिमाह सैंकड़ों व्यक्तियों की मृत्यु हो रही है। मेरे क्षेत्र में जनपद फतेहपुर कौशाम्बी एवं इलाहाबाद व प्रतापगढ़ के ज्यादातर हिस्से प्रभावित हैं। इन जनपदों के मुख्यालयों को नेशनल हाइवे की सड़कों से जोड़ने की व्यवस्था होनी चाहिए तभी हाइवे का मकसद पूर्ण हो पायेगा। मेरे ही क्षेत्र जनपद कौशाम्बी में (गंगा नदी) पर एक पुल का निर्माण नेशनल हाइवे सड़क से जोडते हुए बन रहा है, जो समय-सीमा के अंदर कार्य नहीं हो पा रहा है।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि उक्त समस्याओं को देखते हुए उक्त जनपदों की अधूरी पड़ी सड़कों एवं जनपद मुख्यालयों को जोडने तथा पुल का निर्माण समयबद्ध समय के अंदर जल्दी कार्य कराने की कृपा करें।